सार-समाचार

भाजपा की कार्यशाला संपन्न

रावतभाटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी भैंसरोडगढ मण्डल की कार्यशाला सोमवार को बालाजी मंदिर बोराव पर संपन्न हुई। कार्यकम में भैंसरोडगढ मण्डल प्रभारी श्यामलाल शर्मा ने संबोधित करते हुए ज़्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाने पर ज़ोर दिया। ऑन लाइन 50 सदस्य बनने पर वो सदस्य सक्रिय सदस्य बन पाएगा। कार्यक्रम की अध्क्षता मण्डल अध्यश सुनील जैन ने की और मंडल क्षेत्र में चल रहें सदस्यता अभियान की जानकारी दी। मीटिंग में विजयपुर से आए हर्षवर्धन सिंह, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भीम धाकड, शंकर लाल, मनीष गाँधी, ओम सेन, दिनेश राठौर, हिमत सिंह, धर्मेंद्र पूरी, पूर्व जनपद कैलाष पूरी, बाबूलाल धाकड, नंदलाल मीणा, पराकस धाकड, शुभम लबाना, तेजमल, लादु राठौर सहित मण्डल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एस.डी.पी. डोनेट की

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता द्वारा लोगों की मदद का कारवा निरंतर बढ़ता चला जा रहा है। एसडीपी और रक्तदान के माध्यम से लोगों की नियमित मदद की जा रही है, ऐसे में एक गंभीर मामला सामने आया जब एक बिटिया (13) को गंभीर स्थिति में कोटा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, उसे तत्काल एसडीपी की आवश्यकता थी, ऐसे में बिटिया के भाई मोर सिंह ने प्रयास किया और टीम जीवनदाता के भुवनेश गुप्ता से सम्पर्क किया। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि ओ पॉजिटिव एसडीपी के लिए हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहने वाले रक्तकोष फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश प्रजापति को कॉल किया तो वह बूंदी किसी कार्यक्रम में जा रहे थे और रास्ते के थे। लेकिन जब स्थिति की गंभीरता और जरूरतमंद की मदद का हवाला दिया तो वह सीधे ही अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और एसडीपी डोनेट की। उन्होंने अब तक 141 बार एसडीपी डोनेट की है जबकि वह 30 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। लोकेश प्रजापति निरंतर एसडीपी और ब्लड डोनेशन के क्षेत्र में लोगों की मदद करते चले आ रहे हैं और सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उनकी प्रेरणा और कार्य को देखकर कई लोग इनसे मोटिवेट हुए हैं। लोकेश के भाई दिनेश प्रजापति, पत्नी और पिता नियमित रक्तदानी है और उनका मानना है कि यही संस्कार अब समाज में भी दिखने लगे है। गुप्ता ने कहा कि आमजन भी अपने परिवार को जोडकर रक्तदान के सेवाकार्य से जोड़े तो ये अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

भाजपा मांगरोल की कार्यशाला हुई

मांगरोल (निसं)। भाजपा मांगरोल देहात मंडल की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन के निर्देशानुसार, ब्राह्मणी माता मंदिर पर संघठन पर्व प्रभारी मुकेश केरवालिया, पूर्व प्रधान प्रेम गालव, चंबल परियोजना सभापति सुनील गालव, जिला परिषद सदस्य महेंद्र मीणा पूर्व उप प्रधान जगदीश सिंह के आतिथ्य व देहात मंडल अध्यक्ष दिलीप मीणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता मुकेश केरवालिया ने संघठन पर्व पर चर्चा करते हुए कहा कि 30 नवम्बर तक सभी बूथों पर अध्यक्ष व बूथ समितियों का निर्वाचन होना अनिवार्य है संघठन की रचना प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार तय मानकों पर होना है। इस दौरान प्रेम गालव व जगदीश सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यशाला में भाजपा जिला सह प्रवक्ता योगेश राजौरा विद्यारतन मीणा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष माणक गुर्जर अजय नागर भाजपा नेता हंसु गुर्जर बारां शहर भाजयुमो महामंत्री रोहित नायक रघुवीर गुर्जर, प्रेम मीणा, मनोहर सिंह हाडा, प्रेम शंकर मीणा पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नागर रामदयाल गोंड, रमेश चंद्र शर्मा,उत्तम पारीक, अखराज नागर, रामबिलास मीणा, राजेंद्र मीणा विष्णु मीणा महलपुर, राजेश मीणा पृथ्वी सिंह जी अजय कुमार मीणा रूपचंद मीणा राम कल्याण मीणा रामचरण थानेदारआदि मौजूद रहे।

नशा मुक्ति अभियान पर कार्यशाला

बून्दी (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 'नई किरण- नशा मुक्ति अभियान' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डॉ. कमलेश शर्मा के मुख्यातिथ्य एवं प्राचार्य डॉ संदीप यादव की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने नशा मुक्ति विषय पर विस्तार पूर्वक रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए नशे के दुष्परिणाम और वर्तमान पीढ़ी में नशे के प्रति बढ़ती लत से छात्राओं को अवगत करवाया। कार्यशाला में डॉ कमलेश शर्मा ने बताया कि नशे का सेवन न केवल शरीर के लिए बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्रीय के लिए भी हानिकारक है। साथ ही उन्होंने नशा मुक्ति से संबंधित सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया और नशा मुक्ति से जुड़े हुए विभिन्न समाधानों से छात्राओं को अवगत कराया। इस दौरान संकाय सदस्यों सहित छात्राओं को भी नशा मुक्ति की शपथ के माध्यम से जीवन में नशे से दूर रहने और अन्य लोगों को भी नशा नहीं करने के लिए संकल्प दिलवाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ चंपा अग्रवाल ने और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान गोदिका ने आभार जताया।

विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं का सम्मान

बून्दी (निसं)। कोटा आयोजित एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल प्रदर्शित कर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी में स्वागत अभिनंदन किया गया। प्राचार्य डॉ. संदीप यादव ने बताया कि महाविद्यालय की बी.एस.सी प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं माधवी वर्मा, लक्ष्मी राठौर तथा प्रतिभा वर्मा ने भौतिक शास्त्र के सहायक आचार्य रवि कुमार चोपदार के निर्देशन में ऑर्गेनिक इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर मॉडल मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी कोटा में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया था, जिसमें छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 7100/- रुपये का नकद पुरस्कार तथा ट्रॉफी प्राप्त की। महाविद्यालय की इन प्रतिभावान छात्राओं का महाविद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. यादव ने बताया कि छात्राओं का यह मॉडल कचरे का उचित प्रबंधन करते हुए विद्युत उत्पादन करने कि दिशा में एक बेहतरीन कदम हो सकता है।

सर्वेश तिवारी मिनी जंबूरी के रजिस्ट्रार होंगे

बून्दी (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय बारां के तत्वावधान 19 नवंबर से 23 नवंबर तक कॉलेज ग्राउंड अटरू में मिनी जंबूरी का आयोजन किया जा रहा है आयोजन में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सर्वेश तिवारी को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। स्काउट उप प्रधान कृष्ण मुरारी दिलावर के संयोजन एवं डीओसी प्रदीप चित्तौड़ा के प्रधान संचालन में आयोजित इस भव्य आयोजन में दो हजार संभागियो को शिक्षा मंत्री, स्टेट चीफ कमिश्नर, राज्य सचिव, राज्य संगठन आयुक्त आदि सहित विभिन्न पदाधिकारी सानिध्य करेंगे। स्थानीय संघ संयुक्त सचिव, पूर्व डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर तिवारी हिमालय वुड बैज योग्यता एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हैं जो इस पांच दिवसीय आयोजन में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा गतिविधियों का करौली एएलटी हीरा लाल रावत के साथ अनुदेशन करेंगे।

सहायक उपकरणों के लिए आवेदन मांगे

झालावाड़ (निसं)। दिव्यांगजनों को सम्बल प्रदान करने हेतु संयुक्त सहायता योजनान्तर्गत कृत्रिम व सहायक उपकरणों से लाभान्वित करने हेतु दिव्यांगजनों से आवेदन लेने के लिए जिले में पंचायत समिति मुख्यालयों पर 20 से 25 नवम्बर तक दिव्यांगजन चिन्हीकरण एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि पंचायत समिति झालरापाटन एवं बकानी में 20 नवम्बर को, पंचायत समिति अकलेरा व मनोहरथाना में 21 नवम्बर को, पंचायत समिति डग व भवानीमण्डी में 22 नवम्बर को तथा पंचायत समिति पिड़ावा व खानपुर में 25 नवम्बर को प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक दिव्यांगजन चिन्हीकरण एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। पुलिस ने अवैध हथकढ़ कच्ची शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 लीटर हथकढ शराब जब्त की है। सीआई राजेश खटाना के अनुसार हरिसिंह बंजारा निवासी उदपुरिया व धारासिंह कंजर निवासी शंकर कॉलोनी चांचौड़ा व सत्यनारायण गुर्जर निवासी जांचरोडा को 15 लीटर हथकढ शराब के साथ गिरफ्तार किया।

'स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा के साथ बेकद्री करने वालों को बर्खास्त किया जाए'

कोटा, (निसं)। माधव राव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने कटनी मध्यप्रदेश में पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की मूर्ति के साथ बेकद्री करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हेतु अतिरिक्त जिला कलेक्टर को नितिन गडकरी केंद्रीय परिवहन मंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा है।

यह जानकारी देते हुए माधव राव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष व भाजपा नेता एडवोकेट इन्दमोहन सिंह हनी ने बताया कि कटनी मध्य प्रदेश में नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार स्व.माधव राव सिंधिया की प्रतिमा को हटाया उससे लाखों लोग

■ 'बर्खास्तगी के साथ कानूनी कार्रवाई हो'

स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की प्रतिमा के साथ बेकद्री करने वालों पर कार्रवाई की मांग के साथ ज्ञापन सौंपा गया।

आहत हुए और बड़े पैमाने पर लोगों में आक्रोश है। सिंधिया को लोग बड़े आदर से याद करते हैं। उन्होंने लाखों लोगों की मदद की, सरकारी नौकरियां लगवाई, गरीब बच्चियों की शादी की और सबसे बडी बात देश के विकास में उन्होंने बहुत बड़ा योगदान दिया।

जो भी विभाग उनको मंत्री के रूप में मिला उस विभाग को उन्होंने चार चाँद लगाए। ऐसे महापुरुष की प्रतिमा के साथ इस तरह की बेकद्री होगा सबके लिए बहुत शर्म की बात है। सिंधिया के मानने वाले मध्यप्रदेश में ही नहीं राजस्थान और देश के अन्य भागों में भी लोग बहुत दुखी हुए हैं। इन अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से यह कार्य किया गया इस पर बर्खास्ती व कानूनी कार्यवाई हो ताकि आगे से किसी भी महापुरुष की मूर्ति के साथ ऐसा ना हो।

जनजातीय गौरव दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में सोमवार को डीआरएम कार्यालय में मनाया गया। बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर डीआरएम मनीष तिवारी ने मंडल कार्यालय परिसर में उनके चित्र पर नमन कर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। डीआरएम कार्यालय परिसर में सभी रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पुष्प अर्पित कर उनके त्याग, बलिदान और जीवन के संघर्ष को स्मरण किया। भगवान बिरसा मुंडा देश के जनजातीय समुदायों के शौर्य, साहस, पराक्रम और बलिदान के प्रतीक है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आर.आर.के. सिंह, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर(सामान्य) धर्मेन्द्र कस्तवार, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विनोद कुमार मीना, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर(टीआरओ) गौरव श्रीवास्तव, अन्य अधिकारी, यूनियन पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

थैलेसीमिया पीड़ितों के लिये डेसिरॉक्स दवा अस्पताल से उपलब्ध कराने की मांग

कोटा, (निसं)। एमबीएस अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को अच्छी क्वालिटी की दवा की मांग को लेकर थैलेसीमिया वैलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सुनील जैन के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी को दिया गया।

थैलेसीमिया वैलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि थैलेसीमिक बच्चों को लगातार अंतराल पर खून चढ़ाना पड़ता है, जिससे बच्चों के शरीर में आयरन जमा हो जाता है जिसे निकालने के लिए चिलेशन थेरेपी दी जाती है, वर्तमान में जो आयरन चिलेशन की जो दवाईयां दी जा रही है वो बहुत ही हल्के क्वालिटी की है जिससे बच्चों में आयरन की मात्रा बढ़ने से बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव आने लगा है, पार्षद सलिना शेरी बताया कि हमें पूर्व में एमबीएस अस्पताल के निशुल्क दवा वितरण काउंटर से डेसिरॉक्स 500 बच्चों को यहां से दी जा रही थी, लेकिन इसके बाद साधारण दवा दी जा रही है जिससे कि बच्चों को नुकसान हो रहा। इसकी शिकायत कई बार की गई है, फिर भी ब्रांडेड कंपनी की दवाईयां नहीं मंगाई जा रही हैं। जो दवाईयां अभी सप्लाई में हैं उससे बच्चों के शरीर में अनेक प्रकार के परिवर्तन आ गए हैं।

उनका आयरन बढ़ गया है जो कि दिल, किडनी, लिवर में जमा हो जाता है जो कि मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे जो कि एमबीएस अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं, वह गरीब तबके के हैं। बाहर से दवा नहीं ले सकते, ऐसे में सरकारी अस्पताल पर निर्भर हैं। ऐसे में उनकी स्थिति को देखते हुए जो डेसिरेक्स-500 दवाएं पहले सप्लाई में थीं, उन्हें शुरू की जाने की मांग की ज्ञापन देने वालों में निसार अहमद, आयुष मित्तल, योगेश शर्मा एडवोकेट, दुष्यंत दीक्षित आरिफ खान सहित सोसाइटी के सदस्य एवं बच्चे उपस्थित रहे।

लोक अदालत का आयोजन हुआ

बून्दी (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए भारतीय स्टेट बैंक के विभिन्न ऋण खातों की बकाया वसूली के लिए विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत सोमवार को एस.बी.आई. की माटून्दा चैराहा (शीश महल होटल) स्थिति शाखा परिसर में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य प्रबन्धक, एस.बी.आई. मोनिका वर्मा, कॉउन्सलर अधिवक्ता कामरान खान व श्रुति शर्मा उपस्थित रही। लोक अदालत के लाभ बताये गये। विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत में राजीनामें के माध्यम से 10 प्रकरणों का निस्तारण कर कुल 9,50,000 नौ लाख पचास हजार रूपये की अवार्ड राशि पारित की गई। उन्होने बताया कि लोक अदालत में शीघ्र व सुलभ न्याय मिलता है। निर्णय की कोई अपील नहीं होती है। सिविल कोर्ट के आदेश की तरह पालना होती है, कोर्ट फीस की वापसी होती है, विवाद का अन्तिम रूप से निपटारा व समय की बचत होती है।

'गौमाता का पूजन तभी सार्थक है जब हम उसे गौधन दात्रि समझे'

अंता (निसं)। गौमाता को अनादि काल से लक्ष्मी के रूप में पूजन किया जाता रहा है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गौमाता की दुर्दशा को देख कर मन विचलित हो उठता है।हमें इसके संवर्धन संरक्षण के स्थान पर इसे गौ धन दात्रि बनाए जाने की दिशा में विचार किया जाये।

यह विचार रविवार को नटराज गो शाला खजूरना कलां में आयोजित गोविज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह एवं गौभक्त स्नेह मिलन समारोह में मुख्य वक्ता हेमेंद्र विभाग प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बारां ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गोविज्ञान परीक्षा से आने वाली पीढ़ी को गौ माता के महत्व से अवगत कराया जा सकता है। गौमाता का पूजन कर उसकी महिमा मंडन किया जा सकता है। लेकिन आज जो हमारे देश में गौमाता की दुर्दशा हो रही है वह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि गौमाता अनादि काल से पूजनीय है वैभव और सुख-शांति देने वाली समझी जाती है लेकिन हकीकत यह है कि उसकी उपादेयता हमने ही कम कर दी है। हमें गो माता की दुर्दशा के मूल कारण को समझना होगा। उन्होंने कहा कि पहले गौमाता हर दृष्टि से हमारे लिए उपयोगी धन देने वाली थी दूध दही घी से लेकर गोबर , गौमूत्र, यहां तक कि उसके चमड़े से धन लाभ होता था कि न्यु आज हमने गौमाता को पशु समझ कर केवल दूध देने वाली बना दी है।

इसकी दुर्दशा के लिए हम सब जिम्मेदार है। समारोह में महामंडलेश्वर पूज्य राम नरेश महाराज परमहंस बगीची बारां ने कहा कि गौमाता हमें धन देती है ,निरोग रखती है, तथा हमें धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है वहीं हमें दया भाव भी सिखाती है। यह हमारे लिए हर दृष्टि से उपयोगी है। उन्होंने कहा कि गौ को माता मान कर उसकी हर संभव सेवा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हमलोगों ने सनातन धर्म और संस्कृति से परे जाकर गौमाता को एक पशु के रूप में स्वीकार कर उसकी महिमा को कम कर दिया है जिसके कारण गौ मां की दुर्दशा हो रही है।

उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा से मिलने वाले फल को हमारे वेद पुराणों तथा ग्रंथों में सातवें स्वर्ग के आनंद प्राप्त करने के समान माना गया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को जीवित रखने के लिए हम सब हिन्दू धर्म को मानने वाले सभी बंधुओं को जाति धर्म के नाम पर बंटने के स्थान पर एक जुट होने की आवश्यकता है।

उन्होंने उपस्थित सभी गौभक्त को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि हम सब सनातन धर्म और संस्कृति के पोषक आपसी टकराव में उलझे रहे तो आने वाले 20 वर्षों में सनातन धर्म के अनुयायियों को चुन चुन कर आततायियों द्वारा धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर कर दिया जायेगा।

श्रद्धांजलि दी

बूंदी (निसं)। परिवहन विभाग की ओर से वर्ल्ड डे ऑफ़ रेमेमब्रेन्स फॉर रोड एक्सीडेंट विक्टिम्स के उपलक्ष में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने यातायात नियमों का पालन करने की अपील की और कानून व्यवस्था बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में कैंडल जलाकर सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, केसी वर्मा आदि भी मौजूद रहे। नगर परिषद सभापति कहा कि आमजन कर्तव्यों को समझते हुए प्रशासन के सहयोगी बने और सड़क नियमों का पालन करें। रोटरी क्लब अध्यक्ष महेश पाटोदी ने कहा कि हम सभी सुरक्षा नियमों की पालन पूरे संयम से करें। कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी प्रमोद लोढ़ा ने कहा सड़क दुर्घटनाएं एक महामारी से भी भयंकर रूप ले चुकी हैं हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं और घायल होते हैं। प्रशासन द्वारा अनेक नियम और कानून सड़क सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं पालन करना चाहिए।

'सक्रिय सदस्य बनने वाले कार्यकर्ता को ही अब संगठन में जिम्मेदारी मिलेगी'

छबड़ा (निसं)। भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्य बनने वाले कार्यकर्ता को ही अब संगठन में जिम्मेदारी दी जाएगी और आगामी चुनाव में भी उसे ही टिकट दिया जाएगा।

अगर पार्टी कार्यकर्ता संगठन के लिए संकल्पित होकर कार्य करता है तो पार्टी ओर अधिक मजबूत होती हैं। इसलिए हमें एकजुट होकर भाजपा संगठन को मजबूत करना है। यह बात मुख्य अतिथि विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने भाजपा कार्यालय पर आयोजित संगठन पर्व कार्यशाला में कही हैं। इस अवसर पर संगठन पर्व के जिला सहप्रभारी राजेंद्र नागर, छबडा मंडल प्रभारी सारिकासिंह चौहान, सेमली मंडल प्रभारी सुरेंद्र गालव, बापचा मंडल प्रभारी लक्ष्मीनारायण केरवालिया, प्रदेश प्रतिनिधि हिम्मतसिंह सिंघवी, बारां पंचायत समिति प्रधान मोरपाल सुमन, नगर मंडल अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश गेरा, सेमली मंडल अध्यक्ष अशोक गौड़, बापचा मण्डल अध्यक्ष उदयसिंह लोधा आदि मौजूद थे।

यहां विधायक सिंघवी ने कहा कि राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता, कल कुछ भी हो सकता है। ऐसे में हम सभी को संगठन के प्रति ईमानदारी से लक्ष्य निर्धारित कर कार्य योजना को मूर्त रूप देने का प्रयास करना चाहिए। उन्होने कहा कि पार्टी मां का रूप होती हैं। मां का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य हैं। परिवार में पार्टी को मां मानते हुए सेवा करो। पार्टी में उतार-चढ़ाव आदि आते-जाते रहते हैं।

भाजपा कार्यालय पर संगठन पर्व कार्यशाला को विधायक सिंघवी ने सम्बोधित किया।

अच्छाई-बुराई तो चलती रहती हैं। किंतु पार्टी के कार्य को हमे दृढ़ संकल्पित होकर करना हैं और उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओ से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाए जाने का आव्हान किया। इसके अलावा यहां वक्ताओ ने कहा कि मंडल के सभी षक्ति केंद्रो के अंतर्गत आने वाले बूथो की 11 सदस्यो की समिति का गठन कर 30 नवम्बर 2024 से पूर्व करना है।

सभी शक्ति केंद्र प्रभारी अपने अपने बूथो पर जाकर बूथ कमेटी गठित करे और सभी बूथ केंद्रो पर जाकर बूथ अध्यक्ष के सहयोग से कमेटी बनाकर उनके साथ बैठक करें। प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय सदस्य बनने के लिए न्यूनतम 50 सदस्य बनाना अनिवार्य है। यहां तीनो मंडलो के महामंत्री, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, पार्षदगण व सरपंचगण सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-समाचार

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

अंता (निसं)। देवली उनियारा उप चुनाव के निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा की रिहाई एवं मामले की निष्पक्ष जांच तथा पीड़ितों को मुआवजा की मांगों को लेकर सोमवार को आदिवासी मीणा विकास समिति द्वारा प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी अंता को एक ज्ञापन देकर नरेश मीणा को रिहा करने, टोंक प्रशासन मुर्दा बाद के नारे लगाए गए और न्याय की मांग की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर बाद अन्ता मे आदिवासी मीणा विकास समिति के बैनर तले समिति के युवा रेलवे स्टेशन फाटक के पास एकत्रित हुए और प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी अंता कार्यालय पहुंचे। जहां पुलिस की मौजूदगी में जमकर नारेबाजी की गई।इस अवसर पर वक्ताओं ने ओजस्वी भाषण में अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और ग्राम समरावता मे प्रशासन द्वारा की गई दमनीय घटना और आगजनी से हुऐ नुकसान की सरकार द्वारा भरपाई करवाई जाने हेतु तथा द्वारा दबाव बनाकर महिला व अन्य दो कर्मचारियों के जबरन पूर्वक बोट दिलाकर इस घटना को उतेजित करने कार्य किया गया है।और ग्राम वासियो पर किये गये अत्याचारआगजनी मे ग्राम वासियो के हुऐ नुकसान तथा संपूर्ण मामले की जांच कर निर्दोष व्यक्तियों को न्याय दिलाने हेतु मांग की गई।इस अवसर पर वक्ताओं ने 20 नवम्बर को बारां मे आन्दोलन करने की चेतावनी दी।

खैराबाद एवं इटावा पंचायत समिति में दिव्यांगजन कल्याण शिविर लगेगा

कोटा, (निसं)। दिव्यांगजनों को संबल प्रदान के उद्देश्य से संयुक्त सहायता योजनान्तर्गत कृत्रिम अंग उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए 19 नवम्बर को खैराबाद एवं 20 नवम्बर को इटावा पंचायत समिति मुख्यालय पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि संयुक्त सहायता योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण उपलब्ध कराने के लिए जिले की प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालयों पर दिव्यांगजन कल्याण शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसके तहत खैराबाद पंचायत समिति मुख्यालय पर 19 नवम्बर एवं इटावा पंचायत समिति मुख्यालय पर 20 नवम्बर को दिव्यांगजन कल्याणार्थ षिविर आयोजित कर सुखद दाम्पत्य जीवन योजना, मुख्यमंत्री विषेष योग्यजन स्वरोजगार ऋण योजना, विषेष योग्यजन छात्रवृत्ति योजना, विशेष योग्यजन पेंषन योजना, यू.डी.आई.डी. (चिन्हीकरण) योजना अन्य विभागीय योजना के आवेदन तैयार करवाकर योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। षिविर में राजकीय, निजी विद्यालय एवं कॉलेज में अध्ययनरत दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों को डीजी सेट (इलेक्ट्रोनिक मोबाईल डिवाईस) के भी आवेदन पत्र भी तैयार करवाये जायेंगे।

सात माह मे यात्री यातायात से 1414 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन तथा प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में यात्री सुविधाओं में विस्तार एवं विकास कार्यों में गति प्रदान की जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष के सात माह में पश्चिम मध्य रेल ने यात्री यातायात से 629 लाख 6 हजार बुक किए गए यात्रियों से 1414 करोड़ 65 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में यात्री यातायात से 1393 करोड़ 3 लाख रूपये की तुलना में राजस्व 2 प्रतिशत अधिक है। कोटा मण्डल ने 173 लाख 98 हजार बुक किए गए यात्रियों से 327 करोड़ 66 लाख रूपये राजस्व अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 162 लाख 2 हजार बुक किए गए यात्रियों की तुलना में लगभग 7 प्रतिशत अधिक हैं। पश्चिम मध्य रेल द्वारा यात्री यातायात और रेल राजस्व की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किया किये जा रहे है।

विद्युत रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

छबड़ा (निसं)। राजस्थान विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी संघ की बैठक जीएसएस स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित हुई। यहां मनोज कुमार भार्गव ने कहा कि छबडा उपखण्ड में 30 जून को रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों को अभी तक काल्पनिक वेतनवृद्धि का लाभ नही मिला है। वह शीघ्र मिलना चाहिए। शब्बीर खान ने कहा कि हरियाणा व पंजाब विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कोमिटेशन लोन 10 वर्ष 8 माह में पूरी कटौती हो रही है। लेकिन राजस्थान विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कटौती 14 वर्ष तक कि जा रही है, जो न्याय संगत नही है। शफीउल्ला खां ने बताया कि विद्युत विभाग में भी राजस्थान सेवानिवृत्त कर्मचारियों की तरह विद्युत निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आरजीएचएस के तहत मेडिकल सुविधा प्रदान की जाए। बारां से आए जिला मंत्री ओमप्रकाश व कोषाध्यक्ष अब्दुल रसीद पठान ने कहा कि आप का यह मांग पत्र आगामी दिनों में ज्ञापन के माध्यम अधीक्षण अभियंता को प्रेक्षित किया जाएगा। यहां बडी संख्या में पेंशनर कार्मिकों ने अपने विचार व्यक्त किये।

बैठक आयोजित

झालावाड़ (निसं)। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को मुकन्दरा टाईगर रिजर्व के कोर जोन में आने वाले ग्राम मशालपुरा के विस्थापन से शेष रहे परिवारों के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने ग्रामवासियों से वार्ता करते हुए उन्हें झालावाड़ जिले को मुकन्दरा टाइगर रिजर्व के विकसित होने से होने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने विस्थापन से शेष रहे परिवारों के सदस्यों से ग्राम मशालपुरा से विस्थापन के संबंध में समझाइश की। इस दौरान ग्रामवासियों ने विस्थापित होने पर मिलने वाली राशि में वृद्धि करवाने तथा व्यस्क सीमा 21 वर्ष से 18 वर्ष करवाने का आग्रह किया। इस पर जिला कलक्टर ने राज्य सरकार को इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर भिजवाने की बात कही। इस दौरान उप वन संरक्षक सागर पंवार, कानूनगो अमित जैन एवं गागरोन पटवारी उपस्थित रहे।

रोजगार सहायता शिविर आज

बून्दी (निसं)। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 19 नवम्बर को होटल शगुन, पावर हाउस के सामने, नैनवां रोड़ पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। निजी क्षेत्र के नियोजक बेरोजगार आशार्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया संपादित करेगें। साथ ही कौशल प्रशिक्षण संस्थान आर.एस.एल.डी.सी प्रशिक्षण के लिए बेरोजगार आशार्थियों का चयन करेगी। इस दौरान बेरोजगार आशार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक बेरोजगार आशार्थी अपने मूल दस्तावेज मय छाया प्रतियों के तथा पांच पासपोर्ट साईज के फोटोग्राफ के साथ शिविर में भाग लेकर अवसर का लाभ उठावें।

दां